**Terms of Reference**
**Consultant (Legal) – ED Secretariat**
**National Health Systems Resource Centre**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.
The Position reports to Executive Director, NHSRC and is on Contractual basis.

Job Responsibilities

The Consultant is expected to provide technical support to ED Secretariat and other division of NHSRC on a broad range of issues pertaining to law and health, including but not limited to:

- Monitor and Assess compliance with health-related laws and regulations.
- Provide expert legal advice and guidance to ED-Secretariat division, NHSRC and relevant stakeholders.
- Contribute to the development, review and enhancement of health-related policies and legislation.
- Foster stake holder collaboration and representation in legal forums and consultations.
- Conduct regular audits and assessments to ensure compliance with health-related laws and regulations.
- Offer expert legal advice and guidance on legal provisions, interpretation and implementation.
- Conduct legal research and analysis to support policy formulation and decision- making processes.

- Collaborate with internal and external stakeholders to incorporate legal perspectives into policies and legislation.
- Represent the NHSRC and associated entities in legal forums, consultations, and collaborative initiatives.
- Provide recommendations for improving legal compliance and minimizing legal risks.
- Stay updated on emerging legal developments, trends and best practices in the healthcare sector.
- Undertake any other assignments assigned by Executive Director, NHSRC.

**Education Qualification /Required Skills & Experience:**

***Only full-time regular bachelor's degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, Certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, correspondence mode, etc shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.***

- Master's degree in law (LL.M.) (Regular Courses)
- Post-qualification relevant work experience of at least 2 years, including 1 year of experience in the formulation of Public Health Policy.
- A working knowledge of important health-related laws.
- Excellent legal research, analysis, drafting and presentation skills.
- Ability to work individually with minimum supervision and on different assignments simultaneously to meet tight timelines.
- An understanding of the public health structure and systems in India.
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Computer proficiency with a high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, and PowerPoint.
- Published work in the area of law, health or equity.

**Desirable:**

- Work experience in areas of health law and policy, including on issues of hospitals, healthcare, mental health, gender, sexuality, disability, HIV, TB, tobacco control etc.
- Research experience on relevant areas of law and health.

**Written Test Condition**: If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%.  In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit: Up to 45 Years (as on the date of receiving the application)**

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/- (*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)

**Other Benefits**: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance) Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 22$^{nd}$ September 2026.

**संदर्भ की शर्तें**
**विधिक सलाहकार – कार्यकारी निदेशक सचिवालय**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में अपनी स्थापना के बाद से NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर संबंध हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए अमूल्य अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में अगले स्तर पर आगे बढ़ने में सहायता मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक परिचय NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने तथा सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणालियों, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का अवसर है।

**यह पद कार्यकारी निदेशक, NHSRC को प्रतिवेदित करेगा तथा संविदा के आधार पर होगा।**

**कार्य संबंधी दायित्व**

सलाहकार से कानून एवं स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर NHSRC के कार्यकारी निदेशक सचिवालय तथा अन्य प्रभागों को तकनीकी सहायता प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। इसमें निम्नलिखित दायित्व सम्मिलित हैं, किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं—

- स्वास्थ्य संबंधी विधियों एवं विनियमों के अनुपालन की निगरानी एवं आकलन करना।
- कार्यकारी निदेशक सचिवालय, NHSRC तथा संबंधित हितधारकों को विधिक मामलों पर विशेषज्ञ विधिक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।
- स्वास्थ्य संबंधी नीतियों एवं विधानों के विकास, समीक्षा एवं सुधार में योगदान देना।
- हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा विधिक मंचों एवं परामर्श प्रक्रियाओं में प्रतिनिधित्व करना।
- स्वास्थ्य संबंधी विधियों एवं विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित लेखा-परीक्षण एवं आकलन करना।
- विधिक प्रावधानों, उनकी व्याख्या एवं क्रियान्वयन के संबंध में विशेषज्ञ विधिक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।
- नीति निर्माण एवं निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सहयोग हेतु विधिक अनुसंधान एवं विश्लेषण करना।
- नीतियों एवं विधानों में विधिक दृष्टिकोण को समाहित करने के लिए आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- NHSRC एवं उससे संबद्ध संस्थाओं का विधिक मंचों, परामर्श प्रक्रियाओं एवं सहयोगात्मक पहलों में प्रतिनिधित्व करना।
- विधिक अनुपालन में सुधार तथा विधिक जोखिमों को न्यूनतम करने हेतु सुझाव प्रदान करना।
- स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उभरते विधिक विकास, प्रवृत्तियों एवं सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों से निरंतर अद्यतन रहना।
- कार्यकारी निदेशक, NHSRC द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**शैक्षणिक योग्यता / अपेक्षित कौशल एवं अनुभव :**

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधियाँ (न्यूनतम 03 वर्ष) तथा जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर योग्यताएँ (न्यूनतम 02 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक, पत्राचार अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त योग्यताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल उपरांत योग्यता कार्य अनुभव की गणना की जाएगी।

- विधि में स्नातकोत्तर उपाधि (एलएल.एम.), नियमित पाठ्यक्रम के माध्यम से।
- उपरांत योग्यता संबंधित कार्य का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति के निर्माण में 01 वर्ष का अनुभव शामिल हो।
- स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण विधियों का कार्यसाधक ज्ञान।
- उत्कृष्ट विधिक अनुसंधान, विश्लेषण, प्रारूपण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल।
- न्यूनतम पर्यवेक्षण में स्वतंत्र रूप से कार्य करने तथा निर्धारित कम समय-सीमा में विभिन्न कार्यों को एक साथ पूरा करने की क्षमता।
- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य की संरचना एवं प्रणालियों की समझ।
- बहु-विषयक टीम के वातावरण में कार्य करने की सिद्ध क्षमता।
- एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं एमएस पावरपॉइंट जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोगों के उपयोग में उच्च स्तर की कंप्यूटर दक्षता।
- विधि, स्वास्थ्य अथवा स्वास्थ्य समता के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।

**वांछनीय :**

- स्वास्थ्य विधि एवं नीति के क्षेत्रों में कार्य का अनुभव, जिसमें अस्पताल, स्वास्थ्य सेवा, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिकता, यौनिकता, दिव्यांगता, एचआईवी, टीबी, तंबाकू नियंत्रण आदि से संबंधित विषय सम्मिलित हैं।
- विधि एवं स्वास्थ्य से संबंधित प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है, तो न्यूनतम अर्हता अंक 70% होंगे। यदि 02 या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विचारार्थ शामिल किया जाएगा।

**आयु-सीमा :**

आवेदन प्राप्ति की तिथि के अनुसार अधिकतम 45 वर्ष।

**कार्य-स्थल :**

**नई दिल्ली**; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :**

₹60,000/- से ₹1,20,000/- प्रति माह।

*इस सीमा के भीतर पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।*

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, NHSRC के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति *(NHSRC की नीति के अनुसार)*, 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

अनुबंध **31 मार्च 2028** तक होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

इस साक्षात्कार के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 22nd September **2026** होगी।